# Integrity code



ईमानदारी के नियम
वर्ज़न 2, मार्च 2023

# हमारा उद्देश्य एवं मूल्य

हमारा उद्देश्य रोशनी की अद्भुत क्षमता का लाभ लेते हुए ज़िन्दगियां रौशन करना और एक बेहतर दुनिया बनाना है।

### ग्राहक पहले

सेवा में तत्परता
दूरदृष्टि
उम्मीद से बढ़कर

### एकता में ताकत

विविधता का महत्व समझें
सीखने के लिए ध्यान से सुनें
सावधानी से कदम बढ़ाएं

### खेल परिवर्तक

कल्पना शक्ति जगाएं
लगातार आगे बढ़ें

### नतीजों के प्रति जुनून

जिम्मेदारी उठायें
काम को सरल बनाएं
उत्कृष्टता हासिल करें

## हमेशा काम में ईमानदारी

# काम में ईमानदारी : सबकी साझा जिम्मेदारी

काम में ईमानदारी से ही हम रोशनी की अद्भुत क्षमता का लाभ लेते हुए ज़िन्दगियां रौशन करने और एक बेहतर दुनिया बनाने का उद्देश्य पूरा कर पाएंगे। इसका अर्थ नैतिक दुविधा में हमेशा सही को चुनना है। साथ ही, खुद को और एक दूसरे को श्रेष्ठ आचरण के लिए प्रतिबध्द रखते हुए उन मूल्यों को बचाकर रखना है जिनसे हमारी कम्पनी की पहचान है।

लीडरशिप टीम के साथ मुझे सिग्नीफाई से जुड़े हर एक व्यक्ति से यह उम्मीद है कि वे हमेशा और हर हाल में काम में ईमानदारी की अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। किसी हाल में ईमानदारी पर दाग नहीं लगाएंगे। हमारा ईमानदारी का नियम इस प्रक्रिया में हमारा मार्गदर्शन करता है पर ईमानदारी के नियम को समझने से बढ़कर हमें हर दिन अपने कार्य-व्यवहार में इस नियम का पालन करना होगा और दुविधा की स्थिति में खुलकर बात करनी होगी। काम और व्यवसाय में बेहतर प्रदर्शन का दबाव हर दिन बना रहता है पर यह हमें सही निर्णय लेने से रोके नहीं। और यदि कोई ईमानदारी की राह से भटक जाता है या हमारे मानकों पर खरा नहीं उतरता है तो भी हमें एक दूसरे के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

ईमानदारी से काम करने का अर्थ यह भी है कि हम अपनी नैतिकता के दायरे को जानें और कोई निर्णय लेते हुए एक समानता बरतें। हमेशा वही करना है जो सही है चाहे वह सबसे कठिन विकल्प हो और यह जानते हुए भी कि हमारी ऐसी किसी गतिविधि पर भविष्य में भी कभी किसी की नजर में नहीं पड़ेगी। इसलिए यह गांठ बांध लें कि काम में ईमानदारी हम सबकी साझा जिम्मेदारी है।

मुझे आप सभी पर भरोसा है कि अपनी ईमानदारी को हमारे कारोबार की बुनियाद बनाएंगे।

**एरिक रोनडोलाट**
चीफ एग्जीक्युटिव ऑफिसर सिग्नीफाई

मैं हमारे सीईओ एरिक के इस स्पष्ट और सटीक वक्तव्य से पूर्णतः सहमत हूं कि : "ईमानदारी से काम करना हम सबकी जिम्मेदारी है! "

यह केवल प्रबंधन बोर्ड, लीडरशिप टीम या आपके मैनेजर की मंशा नहीं है। हम सभी को सिग्नीफाई और खुद की सफलता के लिए यह सुनिश्चित करना होगा ताकि हम आपस में मिलकर ऐसी कम्पनी और अपने सहयोगियों के साथ काम करें जो हमसे ईमानदारी के उच्चतम मानक साझा करते हैं।

कारोबार के मौजूदा माहौल में लोगों की उम्मीदें बहुत बढ़ गई हैं और हमें हर दिन केवल सही का चुनाव करना होगा। किसी निर्णय पर पहुंचने की इस प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा ईमानदारी है जैसा कि ईमानदारी के नियम में उल्लेख किया गया है।

व्यक्तिगत तौर पर मुझे ऐसी कम्पनी में काम करना पसंद है जिसमें व्यावसायिक लक्ष्यों को पूरा करने की प्राथमिकता है पर इसके लिए मुझे कभी भी ईमानदारी के नियम का उल्लंघन मंजूर नहीं है! क्यों, आपके भी यही विचार हैं?

**मिशियल थियरी**
मुख्य कानून अधिकारी सिग्नीफाई

# हमारा संकल्प

हमारी कम्पनी के मूल्यों की सुरक्षा के लिए सबसे जरूरी है काम में ईमानदारी। यह हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। हम कार्मिकों की एकजुटता और संकल्प के साथ हमारी सभी व्यावसायिक गतिविधियों में विश्वास और नैतिकता की संस्कृति बनाए रखते हैं।

**एरिक रोनडोलाट**
चीफ एग्जीक्युटिव ऑफिसर
प्रबंधन बोर्ड का सदस्य

**ज़ाविए वान एंगेलन**
चीफ फाइनैंशियल ऑफिसर
प्रबंधन बोर्ड का सदस्य

**मारिया लेटीट्सिया मारियानी**
चीफ कॉमर्शियल ऑफिसर / बिजनेस लीडर पारपरिक उत्पाद
प्रबंधन बोर्ड का सदस्य

**रोवेना ली**
**डिवीजन लीडर डिजिटल उत्पाद**

**हर्ष चिताले**
**डिवीजन लीडर डिजिटल समाधान**

**केविन पोइस्क**
**क्लस्टर लीडर अमेरिकास**

**जोन वैंग**
**क्लस्टर लीडर उत्तर पूर्व एशिया**

**किरण बराड़**
मुख्य मानव संसाधन अधिकारी

**एलिस स्टीनलैंड**
**चीफ स्ट्रेटेजी एंड सस्टेनेबिलिटी ऑफिसर**

**ओलीविया कियू**
इनोवेशन प्रमुख

**डेनियल सेबिलाउट**
**चीफ ऑपरशंस ऑफिसर**

**मिशयेल थायरी**
मुख्य कानून अधिकारी

**वी शर्ल एनजी**
इंटर्नल ऑडिट प्रमुख

**एंटोनी टॉमस**
**चीफ डिजिटल एंड इंफॉर्मेशन ऑफिसर**

# परिचय

ईमानदारी इस बात के मूल में है कि हम सिग्नीफाई में व्यवसाय कैसे करते हैं और हर दिन की शुरुआत आपके कार्यस्थल में आपके साथ होती है।

हमारी ईमानदारी संहिता हमारा मार्गदर्शन करती है कि हमेशा ईमानदारी के साथ हम कैसे कार्य करें और अपनी कंपनी की प्रतिष्ठा की रक्षा करने में मदद करें।

यह हमारे सिग्नीफाई कंपनियों के समूह द्वारा नियोजित सभी लोगों पर लागू होता है। हम अपने व्यापारिक भागीदारों से भी उम्मीद करते हैं कि वे हमारी ईमानदारी संहिता में शामिल प्रमुख सिद्धांतों का पालन करेंगे।

### नियम का दायरा और लागू करना

हमारे ईमानदारी के नियम में सभी पक्षों का समावेश नहीं हो पाया है पर यह वर्तमान स्वरूप में हमें अपने आचार का स्तर सुनिश्चित करने एवं उच्चस्तरीय बनाने के साथ-साथ ईमानदारी, नैतिक आचरण के लिए प्रोत्सोहित करता है। ईमानदारी से काम करना हम सबकी साझा जिम्मेदारी है और हम किसी अन्य को यह जिम्मेदारी नहीं दे सकते हैं। प्रबंधन बोर्ड और लीडरशिप टीम ने ईमानदारी के नियम को स्वीकार किया है। इसकी नियमित समीक्षा और जहां जरूरी हो इसमें संषोधन भी किया जाता है।

### उल्लंघन

ईमानदारी का नियम नहीं पालन करने के गंभीर दुष्परिणाम सिग्नीफाई के साथ-साथ दोषी कार्मिकों को भुगतना पड़ सकता है। ईमानदारी के नियम के उल्लंघन पर अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी जिसमें यहां तक कि सेवा से बर्खास्त भी किया जा सकता है। ऐसे उल्लंघन के दोषियों को जुर्माना और कैद भी हो सकती है।

### खुलकर अपनी बात रखें

यदि कुछ है जो सही नहीं लगता तो शायद सही नहीं हो। ऐसा जब भी हो खुलकर अपनी बात रखें। हम इसके लिए आपको प्रोत्साहित करते हैं। इस स्थिति में खुद से पूछें ये सवाल :

- क्या यह हमारे ईमानदारी के नियम के अनुसार है?
- क्या यह नैतिक है?
- क्या यह कानूनी है?
- क्या यह सिग्नीफाई और खुद मेरे लिए अच्छा होगा?
- क्या मुझे अच्छा लगेगा यदि मेरे साथ यह वर्ताव हो?
- क्या मुझे समाचार पत्र में इसकी खबर पढ़ना अच्छा लगेगा?

यदि इनमें एक भी प्रश्न का उत्तर नहीं हो तो इस दिशा में कदम नहीं बढ़ाएं। आपके सामने जब भी नैतिक दुविधा हो कृपया लाइन मैनेजर या अपने स्थानीय अनुपालन अधिकारी से बात करें।
यदि ईमानदारी के नियम के बारे में आपकी कोई राय हो या ईमानदारी की संस्कृति मजबूत करने के सुझाव हों तो कृपया integrity@signify.com पर कानून अनुपालन अधिकारी से संपर्क करें।

### हमारी नैतिकता लाइन

www.signify.ethicspoint.com


नैतिकता लाइन आपको एक ऑनलाइन साधन और फोन लाइन (आपकी स्थानीय भाषा में २४/७ उपलब्ध) देती है। इनका संचालन इस सेवा की विषेशज्ञ थर्ड-पार्टी सप्लायर करती है।

अपने कारोबार की प्रगति के बारे में कोई चिंता व्यक्त करते हुए यदि आप अपना नाम नहीं बताना चाहें तो इसका विकल्प है। परंतु नाम नहीं बताने की स्थिति में भी कृपया अपने मामले की प्रगति पर ध्यान रखें ताकि जरूरत पड़ने पर परीक्षक आपसे संपर्क करें और परीक्षण के सिलसिले में आपसे अन्य सवाल पूछें।
आपकी दी गई कोई जानकारी केवल इस पेशे के निष्पक्ष जानकारों से साझा की जाएगी जो वस्तुनिष्ठ माध्यम से जांच करते हुए आपकी चिंता दूर करने में लगे होंगे। आप एक विश्वास के साथ यह चिंता व्यक्त करते हैं इसलिए कम्पनी हमेशा आपको इसके दुष्परिणामों से बचाने की कोशिश करेगी। आप कुछ पूछने के लिए नि:संकोच integrity@signify.com पर कानूनी अनुपालन से संपर्क करें।

### अन्य जानकारियां

हमारी कम्युनिटी 'Legal @ Signify /Integrity and Legal Compliance', पर हमारे कार्मिक ईमानदारी के नियम, संबंधित नीतियों, प्रश्नों एवं उत्तरों के साथ-साथ अन्य दिशानिर्देषों के अनुवाद पढ़ सकते हैं। अनुपालन अधिकारियों की सूची और नैतिक लाइन की अन्य जानकारियां भी उपलब्ध हैं।

# नीति परिदृश्य




इस परिदृश्य में हमारे ईमानदारी के नियम को मजबूत बनाती सभी नीतियों को दर्शाया गया है (बुकलेट में उनकी अनुच्छेद संख्या के अनुसार)।

# I.
# काम में ईमानदारी: सबकी साझा जिम्मेदारी



### 1.1 हमारे कार्मिक
हम कार्मिकों का महत्व समझते हैं और उन्हें खुद की तरक्की के लिए जिम्मेदार होने का प्रोत्साहित देते हैं। साथ ही, उनकी प्रतिभाओं का पूरा लाभ लेते हैं। उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित और अधिक सफल काम का माहौल देते हैं। इसमें खुलापन और सभी का समावेश होता है ताकि सिग्नीफाई कम्युनिट ी के हर एक सदस्य के काम-काज के साथ न्याय हो। हम हमेशा काम में ईमानदारी रखें इसके लिए एक दूसरे के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं।


### 1.2 हमारे ग्राहक
हम बाहरी ग्राहकों को अपना साझेदार बनाते हैं। हमारे काम के हर कदम पर उनकी केंद्रीय भूमिका होती है। इसलिए हम उनके साथ कार्य-व्यवहार में तत्परता रखते हैं और खुद को उनकी जरूरतों के अनुकूल बना लेते हैं।
हम ग्राहकों से राय लेते हुए गहरी सूझबूझ रखते हैं और इसे कार्यरूप देते हुए ग्राहकों की मांगों के अनुसार उनके साथ मिलकर उत्पादों और साधनों का विकास करते हैं। इस प्रक्रिया में गुणवत्ता, न्याय और ईमानदारी बरतते हैं।
हमारे उत्पादों, साधनों और सेवाओं की बाज़ार में सर्वश्रेष्ठता कायम रखते हुए ग्राहकों को यह सब उम्मीद से बढ़कर देते हैं।

### 1.3 कारोबार में हमारे साझेदार
हम कारोबार में साझेदारों के संग परस्पर लाभ के अटूट संबंध में विश्वास रखते हैं। हम ऐसे साझेदरों को बिजनेस देते हैं जो न्याय, ईमानदारी, कानूनों के अनुपालन और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### 1.4 हमारे शेयरधारक
हमारा संकल्प पूरी दुनिया में मान्य स्वच्छ कॉर्पोरेशन प्रशासन मानकों पर कारोबार करना है और हमारी गतिविधियों, संरचनाओं और आर्थिक स्थितियों और प्रदर्शनों की जानकारियां समय की पाबंदी, नियमितता और विश्वसनीयता के साथ प्रस्तुत करना है। हमारा लक्ष्य लोगों को उनके शेयरों पर संतोषजनक लाभ देना है। साथ ही, कम्पनी में पर्याप्त पूंजी कायम रखना है जिससे विकास की संभावनाओं का लाभ मिलेगा।

### 1.5 व्यापक समुदाय जिसमें हम कारोबार करते हैं उसमें
मानवाधिकारों का सम्मान और सुरक्षा करते हैं और हमारी पूरी कोशिश रहती है कि हमारी गतिविधियों से मानवाधिकारों का हनन न हो या ऐसी कोई समस्या नहीं बढ़े। हम हमेशा यह ध्यान रखते हैं कि हमारे किसी कार्य से पर्यावरण का नुकसान नहीं हो। इसलिए सतत विकास के संकल्प को साकार करने के लिए हर मुमकिन कोशिश और व्यावहारिक प्रयास करते हैं।

# 2.
# काम में ईमानदारी: सबकी साझा जिम्मेदारी



### 2.1 मानवाधिकारों का सम्मान

मानवाधिकारों का सम्मान करना हमारा काम करने के तरीके की नींव है। हम ऐसे कार्यस्थल को बढ़ावा देते हैं जो शारीरिक और मौखिक उत्पीड़न और भेदभाव से मुक्त है।

हम बाल श्रम, आधुनिक गुलामी, मानव तस्करी, या जबरन श्रम का उपयोग नहीं करते हैं।

हम उचित मजदूरी का भुगतान करते हैं और काम के घंटे प्रासंगिक कानून द्वारा निर्धारित अधिकतम सीमा से अधिक नहीं होते हैं।

हम स्थानीय कानून के तहत अपने कर्मचारियों को उनके चयन के किसी भी कर्मचारी संगठन के साथ जुड़ने की स्वतंत्रता को मानते हैं और इसका सम्मान करते हैं। हम प्रतिशोध, धमकी या उत्पीड़न के डर के बिना ऐसा करने का उनका अधिकार बरकरार रखते हैं।

जहां कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त संघ द्वारा किया जाता है, हम उनसे एक रचनात्मक संवाद स्थापित करते हैं और उनके स्वतंत्र रूप से चुने गए प्रतिनिधियों के साथ आवश्यक बातचीत या परामर्श में संलग्न होते हैं।

हमारा उद्देश्य एक स्वस्थ और सुरक्षित कामकाजी वातावरण को बनाए रखना है।


### 2.2 विविधता, समानता व समावेशन

हम कार्यस्थल में विविधता, समानता और समावेशन के लिए प्रतिबद्ध एक समान अवसर प्रदान करने वाले नियोक्ता हैं। हमारा मानना है कि एक सफल और अभिनव व्यवसाय के लिए एक विविध कार्यबल और एक समावेशी और न्यायसंगत कार्य वातावरण जरूरी है।

हम किसी भी ऐसे आचरण को बर्दाश्त नहीं करते हैं जो एक आक्रामक, अपमानजनक या डराने वाला कार्य वातावरण बनाता है, प्रोत्साहित करता है या इसकी अनुमति देता है।

हम विस्तृत पृष्ठभूमियों के कर्मचारियों को आकर्षित करने का प्रयास करते हैं। इसका मतलब है कि हम एक ऐसा वातावरण तैयार करते हैं और बढ़ावा देते हैं जहां सभी विचारों, दृष्टिकोणों, अनुभवों और शैलियों को अत्यधिक महत्व दिया जाता है।
हम नस्ल या जातीयता, आयु, लिंग पहचान या अभिव्यक्ति, यौन अभिविन्यास, भाषा, धर्म या विश्वास, राजनीतिक या अन्य राय, विकलांगता, राष्ट्रीय या सामाजिक मूल या जन्म, या लागू कानूनों के तहत संरक्षित किसी अन्य स्थिति के आधार पर भेदभाव नहीं करते हैं। हम इन कारकों की परवाह किए बिना अवसरों और संसाधनों तक समान पहुंच देने का प्रयास करते हैं।

समानता और समावेशन के लिए समान, या काफी हद तक समान, काम के लिए समान वेतन की नीति के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। समानता सुनिश्चित करने के लिए, हम औपचारिक वेतन नीतियों और प्रथाओं को स्थापित करते हैं जो भर्ती, लाभ पात्रता, वार्षिक योग्यता और प्रचार दिशानिर्देशों को नियंत्रित करते हैं।



**2.3 सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल**

एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल हमारा लक्ष्य है। प्रत्येक कर्मचारी, ठेकेदार और आगंतुक को एक सुरक्षित कामकाजी माहौल का अधिकार है, चाहे हमारी कंपनी के परिसर में, फील्ड प्रतिष्ठानों और सर्विसिंग परियोजनाओं में या हमारी देखरख में व्यावसायिक गतिविधियों में।

**2.4 सिग्नीफाई की संपत्तियों और बौद्धिक संपदाओं की सुरक्षा**

हम सिग्नीफाई की संपत्तियों और संसाधनों को गैरकानूनी, अनाधिकार या गैर जिम्मेदार उपयोग से बचाकर रखते हैं। इनमें ट्रेड सीक्रेट और स्वामित्व की जानकारी की सुरक्षा भी शामिल हैं। हम थर्ड पार्टी की अमानत (संपत्तियों) और गोपनीय जानकारियों की सुरक्षा भी उसी सावधानी से करते हैं जैसे अपनी निजी संपत्ति की।
हम पेटेंट, ट्रेडमार्क, डिजाइन्स, कॉपीराइट, ट्रेड सीक्रेट और अन्य किसी रूप में उपलब्ध अपनी बौद्धिक संपदाओं को इस तरह सुरक्षित रखते हैं कि इनका अनाधिकार उपयोग या अभिव्यक्ति नहीं हो।

**2.5 सुरक्षा सबसे ऊपर**

हम अपने कार्मिकों को सुरक्षित और अनुरक्षित काम का माहौल देना चाहते हैं और हमारे ग्राहकों एवं साझेदारों को विश्वसनीय एवं भरोसेमंद कम्पनी देना चाहते हैं।
हम सिग्नीफाई की डिजिटल और भौतिक दोनों प्रकार की संपदाओं को बचाकर और सुरक्षित रखते हैं। कम्पनी के बारे में कोई जानकारी इसकी ज़रूरत समझने के बाद देते हैं।

**2.6 निजता और डाटा सुरक्षा**

हम अपने ग्राहकों, कार्मिकों, व्यवसाय साझेदारों और हम से जुडे अन्य सभी लोगों की निजता को अहमियत देते हैं और उनकी निजी जानकारियों को जिनसे उनकी पहचान हो, दुरुपयोग होने से बचाते हैं। हम किसी के व्यक्तिगत डाट ा का उपयोग केवल व्यवसाय के उद्देश्य से कानून के दायरे में करते हैं। यह ध्यान रखते हैं कि व्यक्तिगत डाटा पर कोई कार्य केवल ऐसे व्यावसायिक उद्देश्य से हो और यह न्यायपूर्ण, सट ीक, पारदर्शी हो और किसी हाल में जरूरत से ज्यादा नहीं हो।

**2.7 गुणवत्ता**

हम अपने ग्राहकों को उनकी अपेक्षाओं से भी पर सुरक्षित, उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हम सुरक्षा नियमों और गुणवत्ता की आवश्यकताओं के अनुपालन में उत्पादों और सेवाओं को डिजाइन, स्रोत, उत्पादन और आपूर्ति करते हैं।

**2.8 वित्त एवं व्यवसाय के सटीक रिकॉर्ड और रिपोर्ट**

हम सटीक, संपूर्ण और ईमानादरी के साथ सभी विवरणों के रिकॉर्ड और रिपोर्ट रखते हैं। हमारा लक्ष्य बाहर की रिपोर्टिंग में हमारे तुलन पत्र, आय के विवरण एवं नकद प्रवाह की सच्ची और सही तस्वीर देना है। हम भ्रामक या झूठी जानकारियां नहीं देते हैं।

हम सिग्नीफाई के सिद्धांतों पर ट्रांजेक्शन के रिकार्ड रखते हैं। ये पारदर्शी, सटीक, संपूर्ण और समय की पाबंदी दर्शाते हैं।

हम सभी भुगतानों के रिकॉर्ड उपयुक्त खातों में सही से दर्ज करते और हमेशा ईमानदारी बरतते हैं।

हमारी कोई निधि या संपत्ति बिना रिकॉर्ड के नहीं है और न ही हमारा कोई गुप्त खाता या बिना लेखे का खाता है।

**2.9 सामाजिक दायित्व के रूप में कर**

हम सभी संबंधित कर अधिकारियों को पूर्ण और सटीक प्रकटीकरण के साथ ही समय पर और उचित भुगतान करके सभी आवश्यक कर रिटर्न दाखिल करने का प्रयास करते हैं, जिनके साथ हम रचनात्मक संवाद चाहते हैं।

हम कर पारदर्शिता और जिम्मेदार कर प्रबंधन पहलों को बढ़ावा देते हैं।

हम उन देशों में कानूनी संस्थाओं का उपयोग नहीं करते हैं जो कर जानकारी साझा नहीं करते हैं और केवल कर-वंचना के लिए कानूनी संस्थाओं का उपयोग नहीं करते हैं।

हम किसी भी तरह से कर चोरी को सुविधाजनक बनाने के लिए सच्चाई को तोड़-मरोड़ कर पेश करने में सहयोग नहीं करते हैं।

**2.10 पक्षपातरहित व सघन प्रतिस्पर्धा**

हम लागू विश्वास-विरुद्ध कानूनों के अनुपालन में जोरदार लेकिन निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा में विश्वास करते हैं। इससे ग्राहकों को प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उत्पादों और सेवाओं का व्यापक संभव विकल्प मिलता है। निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने का मतलब है कि हम तब तक प्रतिस्पर्धियों के साथ संपर्क से बचते हैं, जब तक कि स्पष्ट और अनुपालन औचित्य न हो।

### 2.11 काला धन सफेद करने पर रोक

हम काला धन सफेद करने का कोई प्रयास नहीं करते और संदिग्ध लेन-देन जैसे कि अलग-अलग कई माध्यमों से अज्ञात संगठनों के बीच भुगतान की प्रक्रिया, अधिक राशि की नकद लेन-देन या संदिग्ध संगठन का खुद भुगतान करना या किसी से प्राप्त करना या अधिक जोखिम भरे देशों को इसमें शामिल करने की रिपोर्ट कर इसे रोकने की पूरी कोशिश करते हैं।

### 2.12 ईमानदारी से कारोबार करना: रिश्वत और भ्रष्टाचार का विरोध

हम अपने सभी सौदों और काम-काज में खुलापन, ईमानदारी और नैतिकता का ध्यान रखते हैं। हमारा रिश्वत या भ्रष्टाचार से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई लेना-देना नहीं है। इसका अर्थ यह है कि हमारे कार्मिक गलत तरीके से व्यवसाय हासिल करने या कायम रखने या अनुचित लाभ लेने के उद्देश्य से कभी भी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से आर्थिक महत्व की कोई चीज (भुगतान, उपहार या खातिरदारी समेत) देने, इसका प्रस्ताव देने, वादा करने, स्वीकार करने, प्राप्त करने या स्वीकार करने का वादा करने का प्रयास नहीं करेंगे।

हम कोई उपहार या खातिरदारी नहीं स्वीकार करते जो व्यावसायिक निर्णय को प्रभावित करे जिससे किसी पर आश्रित रहने या कुछ गलत करने का अहसास सामने आए। हालांकि हम उपहार और खातिरदारी स्वीकार करते और देते हैं यदि हमारे पास इसके उचित तर्क, सही अनुपात हो और इसका उद्देश्य कानून के दायरे में एक मजबूत व्यावसायिक संबंध कायम करना हो। हम विशेष सुविधा लेने के लिए गलत भुगतान नहीं करते हैं। हमारा काम जल्द हो जाए या नियमित सरकारी प्रक्रिया पूरी हो जाए इसके लिए कभी भी सुविधा शुल्क नहीं देते हैं।

### 2.13 कारोबार में हमारे साझेदारों की ईमानदारी


हम कारोबार में अपने साझेदारों का सोच-समझ कर चयन करते हैं। केवल ऐसे साझेदारों को व्यवसाय का अवसर देते हैं जो व्यवसाय में जिम्मेदारी के लिए प्रतिबद्ध हैं और इसका प्रमाण देते हैं। हम यह ध्यान रखते हैं कि मध्यस्थों के कमीशन भुगतान में हमेशा कानून का पालन हो। यह तर्कपूर्ण और उचित अनुपात में हो और यह न्याय करे कि कथित व्यवसाय साझेदार की सेवाएं स्पष्ट और प्रमाणिक हैं।

### 2.14 सरकार, राजनैतिक पार्टियों और राजनेताओं के साथ बात-व्यवहार में जिम्मेदारी

सार्वजनिक परियोजनाओं या कांट्रैक्ट्स के लिए निविदा करते हुए हम हमेशा सरकारी खरीद की प्रक्रिया का अनुपालन करते हैं। सरकार, राजनैतिक पार्टियों, राजनैतिक संगठनों या राजनीति करने वालों को नकद या अन्य किसी प्रकार से चंदा नहीं देने की हमारी नीति रही है।

### 2.15 निर्यात पर नियंत्रण एवं प्रतिबंध के कानूनों एवं नियमों का अनुपालन

हम सभी आइटमों (वस्तुओं, सॉफ्टवेयरों, तकनीकियों एवं सेवाओं) का स्थानांतरण, बिक्री एवं खरीद में निर्यात पर नियंत्रण एवं प्रतिबंध के कानूनों एवं नियमों का अनुपालन करते हैं। इसके



लिए हम संबंधित देशों, व्यवसाय साझेदारों और अन्य लोगों पर लागू प्रतिबंधों का ध्यान रखते हैं। साथ ही, सभी वस्तुओं के वर्गीकरण, सॉफ्ट वेयर, तकनीकियों एवं सेवाओं संबंधी प्रतिबंधों अनुपालन करते हैं ताकि संभावित नियंत्रण की स्थिति एवं निर्यात या स्थानांतरण संबंधी प्रतिबंधों की जानकारी रहे।

व्यवसाय संबंध बनाने या ट्रांजेक्शन करने से पहले हम हमेशा निर्यात पर लागू नियंत्रणों एवं अन्य प्रतिबंधों का आकलन करते हैं और तब इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि इस व्यवसाय संबंध/ट्रांजेक्शन की अनुमति है या नहीं। यदि निर्यात का लाइसेंस, अधिकृत होना या स्वीकृति लेनी हो तो संबंधित सरकारी अभिकरणों से यह सब प्राप्त करेंगे।

### 2.16 धारणीयता


अपने समय की चुनौतियों का समाधान करने के लिए, स्थिर धारणीयता हमारी कंपनी की रणनीति और जिस तरह से हम व्यवसाय करते हैं, उसके केंद्र में है। अपने महत्वाकांक्षी स्थिरता कार्यक्रम के माध्यम से, हम पर्यावरण और समाज पर अपने सकारात्मक प्रभाव को बढ़ाने का लक्ष्य रखते हैं।

### 2.17 पर्यावरण संरक्षण


हम पर्यावरण पर पड़ने वाले अपने संचालन, व्यवसाय और आपूर्ति श्रृंखला के प्रभाव को रोकते हैं और कम करते हैं। हम तकनीकी और आर्थिक रूप से व्यवहार्य तरीके से हमार द्वारा पर्यावरणीय प्रभाव को और कम करने के लिए अवसरों और समाधानों की लगातार खोज करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### 2.18 विज्ञापन

हम यह सुनिश्चित करते हैं कि विज्ञापन, पैकेजिंग और प्रमोशन की सभी सामग्रियां प्रभावी कानूनों का अनुपालन करे और भ्रामक नहीं हो।



# 3.
# कार्य क्षेत्र के बाहर भी ईमानदारी



### 3.1 हितों के टकराव से बचें

हम कम्पनी के काम-काज और व्यक्तिगत मामलों में हितों के वास्तविक और संभावित टकरावों से हमेशा दूर रहते हैं। इसलिए हमें हितों के वास्तविक और संभावित टकरावों के बारे में लाइन मैनेजर और अनुपालन अधिकारी को स्पष्ट सूचना देना है और यदि आवश्यक हो तो इसे दर्ज (रजिस्टर) करना है। हम सिग्नीफाई की संपत्तियों का उपयोग केवल सिग्नीफाई के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए करते हैं और किसी निजी लाभ के लिए नहीं करते हैं।

### 3.2 राजनीति में भागीदारी

हम व्यक्तिगत राजनैतिक विचार को हमारे कार्य प्रदर्शन को प्रभावित करने की अनुमति नहीं देते हैं। हम निजी राजनीतिक गतिविधियों या अभिरुचियों को बढ़ावा देने के लिए सिग्नीफाई की संपत्तियों, यहां तक कि कार्य अवधि में समय का भी उपयोग नहीं करते हैं।

### 3.3 अंदरूनी जानकारी

ऐसी गैर-सार्वजनिक जानकारी जाहिर करने या इस आधार पर खरीद-बिक्री करने पर प्रतिबंध है जिसके प्रकाशन से सिग्नीफाई सेक्युरिटीज के खरीद-बिक्री ('अंदरूनी जानकारी') मूल्य पर उल्लेखनीय प्रभाव हो सकता है। इसलिए हम अंदरूनी जानकारी को पूर्णतः गोपनीय रखते हैं जब तक अधिकृत प्रबंधन सार्वजनिक तौर पर इसे जारी नहीं करता है। सिग्नीफाई के कार्मिक (गोपनीय जानकारी रखने के लिए अधिकृत) प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सिग्नीफाई सेक्युरिटीज की खरीद-बिक्री नहीं करेंगे। साथ ही यह प्रतिबंध है कि वे किसी अन्य को ऐसा करने की सलाह या प्रोत्साहन नहीं दें।

### 3.4 सोशल मीडिया

हम कम्पनी के अंदर और बाहर संवाद के लिए सोशल मीडिया का उपयोग जिम्मेदारी के साथ करते हैं। सिग्नीफाई के कार्मिक के रूप में अपनी पहचान व्यक्त करते हैं और हमारे ऑडियंस का सम्मान करते हैं। हम अपने कार्य-व्यवहार में अपने पेशे की मर्यादा रखते हैं। अन्य पार्टियों के कंटेंट उनकी अनुमति के बिना नहीं प्रकाशित करते हैं और आक्रामक या अपमानजनक भाषा का प्रयोग नहीं करते हैं।

हम किसी गोपनीय जानकारी (सिग्नीफाई के वित्तीय विवरण, सिग्नीफाई की बौद्धिक संपदा और कोई अन्य गोपनीय जानकारी जो अघोषित हो या नहीं), व्यवसाय योजना या किसी कार्मिक के बारे में जानकारी या आगामी उत्पादों से संबंधित घोषणाओं पर टिप्पणी या विमर्श नहीं करते हैं।

© 2023 Signify Holding.
www.signify.com